>

Title: Regarding drug supply in Punjab from Pakistan Boarder.

श्री गुरजीत सिंह औजला (अमृतसर) : स्पीकर साहब, यह बहुत बड़ी घटना है, जिसकी ओर मैं आपका ध्यान ले जाना चाहता हूं । आज से कुछ दिन पहले पाकिस्तान बॉर्डर से 600 किलोग्राम हेरोइन पकड़ी गई, जिससे हमारे देश के छ: लाख बच्चे अफेक्टेड होते, यदि उसका हिन्दुस्तान में सेवन होता । जो इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट बनी है, जिसके जरिए यह आ रही है । जब इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का कारोबार शुरू हुआ तो इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट वर्ष 2013 में बनी थी । इसके अंदर ट्रक स्कैनर लगना था । लैण्ड पोर्ट अथॉरिटी और एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड की तरफ से उसकी रिकमेंडेशन हुई है । वर्ष 2013 में इसका उद्घाटन हुआ था, 2008 का यह प्रपोजल है और पाकिस्तान ने 2008 में अपने यहां ट्रक स्कैनर लगा लिया है, लेकिन भारत सरकार के जो अधिकारी हैं, उनकी तरफ से अभी तक वहां ट्रक स्कैनर नहीं लगा है । मैं सरकार का ध्यान इस तरह ले जाना चाहता हूं कि 2017 में श्री किरेन रिजीजू जी वहां गए थे । उन्होंने ट्रक स्कैनर लगाने के काम का उद्घाटन किया था कि अब ट्रक स्कैनर लगने जा रहे हैं, लेकिन 15 मार्च, 2018 तक वह काम कम्पलीट नहीं हुआ । फिर उसकी डेट 15 सितम्बर तक बढ़ाई गई । …(व्यवधान) सर, यह बहुत जरूरी विषय है । यहां होम मिनिस्टर साहब बैठे हुए हैं, उन्हीं का इश्यू है । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप अपना इश्यू कहिए ।

श्री गुरजीत सिंह औजला : सर, माननीय गृह मंत्री जी बैठे हुए हैं, मैं आपके माध्यम से उनसे कहना चाहता हूं कि क्या सरकार का ध्यान नही है, क्या अधिकारी लापरवाह हैं? जहां उन अधिकारियों की पाकिस्तान के साथ मिली-भगत है, जो ड्रग हमारे पंजाब को सप्लाई किया जा रहा है, पंजाब के नौजवान लोगों को तबाह किया जा रहा है । मैं माननीय होम मिनिस्टर साहब से रिक्वेस्ट

करूंगा कि इसकी इंक्वायरी भी हो, क्योंकि जिस कस्टम अधिकारी ने उसको पकड़ा है, जो लोग पकड़े गए हैं, उनको रिमांड पर नहीं लिया गया और डायरैक्ट जेल में भेज दिया गया है । इसकी इंक्वायरी कीजिए । जिनकी वजह से आज आठ-दस साल की देरी हुई है, उनको सजा दीजिए । हमारे बच्चे ड्रग की वजह से तबाह हो गए हैं ।